प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का अब भी मौका है। नामांकन शुरू होने के दस दिन पहले तक आवेदन किया जा सकता है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि एक अप्रैल तक 18 वर्ष पूरा करने वाले लोगों के लिए अलग–अलग लोकसभा क्षेत्र में फॉर्म–6 जमा करने के लिए तिथियां निर्धारित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 15 अप्रैल तक जबकि चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में 24 अप्रैल तक फार्म जमा कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में 26 अप्रैल तक तथा राजमहल, दुमका और गोड्डा में 4 मई तक फॉर्म–6 जमा होंगे।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड से सटे बिहार, बंगाल, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा सीमा पर एक सौ आठ अंतरराजीय चेकपोस्ट बनाए गए हैं। इन चेकपोस्ट पर शराब, मादक पदार्थ और पैसे आदि की संघन जांच की जाएगी। बिहार की सीमा से सटे जिलों में चौंतीस, बंगाल सीमा पर पैंतालीस, छतीसगढ़ सीमा पर दस, उड़ीसा सीमा पर सोलह और उत्तरप्रदेश सीमा पर दो चेकपोस्ट बनाए गए हैं।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र समेत जमशेदपुर के कई संगीन अपराधों में शामिल कुख्यात अपराधी राजा सिंह उर्फ पगला और एक अन्य आरोपी प्रकाश गोप को पुलिस ने एक हत्याकांड को अंजाम देने से पूर्व गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों अपराधियों के पास से हथियार और गोली बारूद भी बरामद किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने बताया कि अपराधी राजा सिंह 24 मार्च को रांची स्थित रिम्स से इलाज के दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था।

****

पलामू जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज भी होली की धूम है। रंगोत्सव को लेकर हर ओर उल्लास और उमंग दिख रहा है तथा जमकर रंग बरस रहे हैं। होली पर रंगों की बरसात से खास और आम सभी सराबोर नज़र आ रहे हैं। बच्चों और युवाओं में रंगोत्सव को लेकर उत्साह चरम पर है। लोग एक–दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनायें दे रहे हैं।

****

गढ़वा जिले में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। यह हादसा गढ़वा–गोदरमाना राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 343 के समीप हुआ। इधर पलामू में भी सड़क दुर्घटना में दो चचेरे भाईयों की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दियझं

****

एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग जलवायु केन्द्र के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष जुलाई से सितंबर तक मानसून के दौरान भारत में औसत से अधिक वर्षा होने की संभावना है। इसमें अप्रैल से जून और जुलाई से सितंबर के लिए दो अलग–अलग आकलन किये गये हैं। वहीं हाल में ईएनएसओ की ओर से जारी चेतावनी में एल नीनो से ला नीना की स्थितियों में सुचारू रूप से बदलाव की बात कही गई है। माना जा रहा है कि मानसून की स्थिति में बदलाव इसी पूर्वानुमान पर आधारित है।

*******समाप्त*******